वर्ष- 02 अंक- 157
छपरा
27 अप्रैल रविवार 2025
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

पहलगाम अटैक :

# जम्मू-कश्मीर में 6 आतंकवादियों के घर ब्लास्ट से गिराए,सरकार बोली- आर्मी मूवमेंट की कवरेज न करें

## पाकिस्तानी पीएम बोले- निष्पक्ष जांच को तैयार



**पहलगाम/नई दिल्ली,एजेंसी।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि वे पहलगाम अटैक की हर निष्पक्ष जांच में शामिल होने को तैयार हैं। शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान को बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पर हर बार आरोप लगते हैं और यह बर्दाश्त नहीं है।

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री जांच की बात कर रहे हैं और दूसरी ओर पाकिस्तान की फौज ने लगातार दूसरे दिन LoC पर गोली बारी की। भारतीय फौज ने इसका जवाब दिया। नुकसान की खबर नहीं हैं।

भारत सरकार ने सभी मीडिया हाउस के लिए एडवाइजरी जारी की है कि डिफेंस ऑपरेशन और फोर्स के मूवमेंट की कवरेज न करें। इस बीच, जम्मू-कश्मीर में अब तक 6 आतंकवादियों के घर गिराए जा चुके हैं। सेना ने त्राल, अनंतनाग, पुलवामा, कुलगाम और शोपियां में सर्च ऑपरेशन के दौरान यह एक्शन लिया। द कश्मीर रेजिस्टेंस फ्रंट ने पहलगाम हमले के 3 दिन बाद अटैक की जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया है। हमले के बाद सबसे पहले TRF ने ही इसकी जिम्मेदारी ली थी।

## कश्मीर में बलिदान हुए जवान झंटू अली को अंतिम विदाई देने उमड़ा जनसैलाब

### पत्नी ने कहा-पति देश के लिए बलिदान हुए, दोषियों के मिले सख्त सजा

**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के नदिया ज़िले के तेहट, पाथरघाटा गांव में शनिवार को हर आंख नम थी। उधमपुर में बलिदान हुए भारतीय सेना के जवान झंटू अली शेख का पार्थिव शरीर उनके घर पहुंचा तो उन्हें अंतिम विदाई देने के लिए गांव की गलियों में जनसैलाब उमड़ पड़ा। जिधर देखो उसी तरफ से ही लोगों के जत्थे के जत्थे देश के लिए बलिदान होने वाले जवान के घर की ओर जा रहे थे। हर कोई भारत माता के जयकारों के बीच इस वीर सपूत को सलाम कर रहा था। पिछले दिनों जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले में 26 लोगों की हत्या के बाद उधमपुर मेंसुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसी ऑपरेशन में बंगाल के सपूत झंटू अली शेख वीरगति को प्राप्त हुए।

## सिंधु जल समझौता रोकने पर भारत को बिलावल की धमकी

### बोले- सिंधु दरिया हमारा है, इसमें या तो हमारा पानी बहेगा, या फिर उनका खून



**इस्लामाबाद,एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने भारत के खिलाफ भड़काऊ भाषण दिया है। उन्होंने शुक्रवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सिंधु नदी में या तो हमारा पानी बहेगा, या फिर उनका खून बहेगा। सिंधु दरिया हमारा है और हमारा ही रहेगा।
भुट्टो ने कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि आप एक झटके में सिंधु जल समझौता को तोड़ दें। हम इसे नहीं मानते हैं। हमारी अवाम इसे नहीं मानती। हजारों साल से हम इस नदी के वारिस हैं। भुट्टो बोले- पाकिस्तान की जनता बहादुर, जवाब देंगे बिलावल ने कहा कि सिर्फ इसलिए कि भारत की आबादी ज्यादा है, वो यह नहीं तय कर सकते कि पानी किसका है। पाकिस्तान की अवाम बहादुर लोग हैं, हम डटकर मुकाबला करेंगे। सरहदों पर हमारी फौज हर हमले का जवाब देने को तैयार है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (PPP) के अध्यक्ष भुट्टो ने कहा कि भारत ने पहलगाम घटना के लिए पाकिस्तान को दोषी ठहराया है। अपनी कमजोरियों को छिपाने और अपने लोगों को मूर्ख बनाने के लिए, मोदी ने झूठे आरोप लगाए हैं और सिंधु जल संधि को एकतरफा तरीके से रोक दिया है। भुट्टो ने कहा कि हर पाकिस्तानी सिंधु का पैगाम लेकर दुनिया को बताएगा कि हमारे दरिया पर डाका मंजूर नहीं। दुश्मन की नजरें हमारे पानी पर हैं। बिलावल ने कहा कि वे देश के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को इस बात का भरोसा दिलाना चाहते हैं कि अलग राजनीतिक दल होने के कारण भले ही उनकी राय अलग हो, लेकिन सिंधु जल संधि के मुद्दे पर वे उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं।



## गुजरात में एक हजार से ज्यादा बांग्लादेशी हिरासत में

### हरियाणा में 460 पाकिस्तानियों को निकालने का आदेश; अटारी बॉर्डर से भेजे जा रहे

**अहमदाबाद/सूरत,एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद देशभर में विदेशी नागरिकों के खिलाफ एक्शन शुरू हो गया है। गुजरात के अहमदाबाद (890) और सूरत (134) में पुलिस ने शनिवार को महिलाओं और बच्चों सहित करीब एक हजार अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को हिरासत में लिया। वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर उन्हें भारत से निकाला जाएगा।

गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने कहा, इनमें से कई लोग ड्रग्स और मानव तस्करी में शामिल हैं और हाल ही में गिरफ्तार किए गए चार बांग्लादेशियों में से दो अलकायदा के स्लीपर सेल में काम करते थे। इन बांग्लादेशियों की पृष्ठभूमि और गुजरात में उनकी गतिविधियों की जांच की जाएगी। हरियाणा में राज्य सरकार ने 460 पाकिस्तानियों को निकालने का आदेश जारी किया है। अभी इन्हें हिरासत में लेने की कोई सूचना नहीं है। सीएम नायब सैनी ने पाकिस्तानियों को वापस भेजने के लिए गृह विभाग से प्लानिंग मांगी है।

पंजाब के अटारी बॉर्डर पर पाकिस्तानी नागरिकों के भारत से जाने का सिलसिला जारी है। 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने सभी पाकिस्तानी नागरिकों को 1 मई, 2025 तक भारत छोड़ने के लिए कहा है। भारत सरकार ने लॉन्ग टर्म वीजा, डिप्लोमेटिक और ऑफिशियल वीजा को छोड़कर पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी तरह के वीजा रद्द कर दिए। अब पाकिस्तानी हिंदू तीर्थयात्रियों को 27 अप्रैल तक भारत से जाना होगा। मेडिकल वीजा वालों को 29 अप्रैल तक पाकिस्तान लौटना पड़ेगा। किसी भी पाकिस्तानी नागरिक को कोई नया वीजा जारी नहीं किया जाएगा। वहीं, अवैध रूप से भारत में रह रहे लोगों को सरकार खुद देश से बाहर निकालेगी।

## बाइक पर पटाखों से भरी बोरी ले जा रहे थे युवक, अचानक हुआ विस्फोट, दो नाबालिग समेत चार की मौत

**सलेम,एजेंसी।** तमिलनाडु के सेलम जिले के कंजनाइकेनपट्टी गांव में दर्दनाक हादसा हुआ। गांव के मंदिर उत्सव के लिए बाइक पर पटाखों से भरी बोरी ले जाते वक्त अचानक विस्फोट हो गया। हादसे में दो नाबालिग समेत चार लोगों की मौत हो गई। इनमें तीन लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि चौथे की अस्पताल में मौत हुई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने चार लोगों की मौत पर शोक जताया है। साथ ही प्रभावित परिवारों को तीन-तीन लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की।

## आतंकी कनेक्शन को लेकर झारखंड में एटीएस ने की छापेमारी, छह हिरासत में

**धनबाद,एजेंसी।** धनबाद के वासेपुर का आतंकी कनेक्शन सामने आया है। खुफिया सूचना मिलने के बाद झारखंड आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) की टीम वासेपुर में छापेमारी कर रही है। छापेमारी में हथियार, आपत्तिजनक पुस्तकें के साथ-साथ कई गैजेट्स भी बरामद हुए हैं। झारखंड एटीएस के एसपी ऋषभ झा खुद टीम को लीड कर रहे हैं। वे फिलहाल धनबाद में ही मौजूद है।

बीते दिनों पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद देश भर में अलर्ट जारी है। इसी बीच झारखंड एटीएस को पता चला कि संदिग्ध आतंकी संगठन से कुछ युवकों के तार जुड़े हो सकते हैं। झारखंड एटीएस की टीम ने धनबाद में शनिवार को वासेपुर सहित 15 स्थानों पर एक साथ छापेमारी शुरू कर दी। वासेपुर के नूर मस्जिद वाले इलाके में छापेमारी के दौरान दो पिस्तौल व कारतूस के साथ ही भारी मात्रा में प्रतिबंधित लिटरेचर और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स बरामद किए गए हैं। जहां छापेमारी हो रही है, वहां सुरक्षा के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। अब तक की छापेमारी में कुल छह संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। हिरासत में लिए गए सभी युवक संदिग्ध आतंकी संगठन से डार्क वेब के जरिए जुड़े हुए थे।

## कैलाश मानसरोवर यात्रा 30 जून से अगस्त तक चलेगी

### आवेदन शुरू, 750 भारतीय जा सकेंगे; चीन 2020 से यात्रा की इजाजत नहीं दे रहा था



**नई दिल्ली,एजेंसी।** कैलाश मानसरोवर यात्रा 30 जून से 25 अगस्त के बीच होगी। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को आवेदन प्रक्रिया के लिए वेबसाइट खोल दी है। तीर्थयात्री http://kmy.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। 13 मई, 2025 आवेदन करने की अंतिम तारीख है।

इस साल उत्तराखंड और सिक्किम के रास्ते यात्रियों का 15 जत्था कैलाश मानसरोवर जाएगा। 5 जत्थे में 50-50 यात्री उत्तराखंड से लिपुलेख दर्रे को पार करते हुए मानसरोवर जाएंगे। वहीं, 10 जत्थे में 50-50 यात्रियों का ग्रुप सिक्किम से नाथूला होते हुए यात्रा करेगा।

कैलाश मानसरोवर चीन के कब्जे वाले तिब्बत में है। विदेश मंत्रालय हर साल यात्रा का आयोजन करता है। हालांकि, पिछले पांच सालों से चीन कैलाश मानसरोवर की यात्रा के लिए भारतीयों को इजाजत नहीं दे रहा था। दोनों देशों के बीच सीमा विवाद और कोविड की लहर इसकी वजह थी।

अब 5 साल बाद फिर यात्रा शुरू होने वाली है। इसे भारत और चीन के बीच संबंधों को सुधारने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। दोनों देशों ने पिछले साल अक्टूबर में हुए समझौते के तहत डेमचोक और देपसांग से अपने सैनिकों को पीछे हटा लिया था।

## पहलगाम में सन्नाटा, हमले के तीसरे दिन आए टूरिस्ट

### बोले- बुरे वक्त में कश्मीरियों के साथ खड़े हैं, मिलकर आतंकवाद से लड़ेंगे



**पहलगाम ,एजेंसी।** 'पहलगाम में जो हुआ, उससे हम बहुत दुखी हैं। हम मरने वालों और उनकी फैमिली के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। कश्मीरी बहुत अच्छे लोग हैं। काफी सपोर्ट करते हैं। मदद करते हैं। हमें इस बुरे वक्त में कश्मीर का साथ देना चाहिए।' केरल की रहने वाली महिज्जा पहलगाम घूमने आई हैं। उनका 44 लोगों का ग्रुप है। हमने महिज्जा से पूछा कि तीन दिन पहले ही पहलगाम में इतना बड़ा आतंकी हमला हुआ है, आपको डर नहीं लगा। वे जवाब देती हैं, नहीं। हम यही बताना चाहते हैं कि लोग डरे नहीं। हम अभी गुलमर्ग गए थे। वहां कश्मीरी भाइयों ने फ्री में खाने-पीने की चीजें ऑफर कीं। हमें ये देखकर बहुत खुशी हुई। हम सभी भारतीय हैं। मैं प्रार्थना करूंगी की देश सुरक्षित रहे।'

## एफआईआईटी-जेईई :15000 छात्रों से वसूले 206 करोड़ और शिक्षक को वेतन नहीं; 32 कोचिंग सेंटर बंद, अभिभावक परेशान

**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), लखनऊ जोनल कार्यालय ने एफआईआईटी-जेईई धोखाधड़ी मामले में 24 अप्रैल को नोएडा, दिल्ली और गुड़गांव में सात स्थानों पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत तलाशी ली है। एफआईआईटी-जेईई के निदेशक डीके गोयल, सीईओ, सीओओ और सीएफओ के आवासों के साथ-साथ एफआईआईटी-जेईई कोचिंग संस्थान के आधिकारिक परिसर में भी तलाशी ली गई। ईडी ने नोएडा, लखनऊ, दिल्ली, भोपाल और अन्य स्थानों पर दर्ज कई एफआईआर के आधार पर एफआईआईटी-जेईई और उसके वरिष्ठ प्रबंधन के खिलाफ जांच शुरू की थी। एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि एफआईआईटी-जेईई के वरिष्ठ प्रबंधन ने गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक सेवाएं प्रदान करने के बहाने छात्रों और अभिभावकों से भारी फीस एकत्र की। लगभग 15000 छात्रों से 206 करोड़ रुपये बतौर फीस वसूले। टीचरों को वेतन नहीं दिया गया। नतीजा, 32 कोचिंग सेंटर बंद हो गए। छात्रों और अभिभावकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। यह भी आरोप है कि फीस का पैसा किन्हीं दूसरे कार्यों में लगा दिया गया।

## पीएम मोदी ने 51 हजार युवाओं को सौंपें नियुक्ति पत्र 47 जगहों पर आयोजित किया गया रोजगार मेला



**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को रोजगार मेले के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विभिन्न सरकारी विभागों एवं संस्थानों में 51 हजार से अधिक नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे। उन्होंने इस कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी किया। रोजगार सृजन को उच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के तहत 15वां रोजगार मेला देशभर में 47 जगहों पर आयोजित किया गया। इससे युवाओं को सशक्त बनाने के लिए सार्थक अवसर उपलब्ध होंगे और वे राष्ट्रीय विकास में प्रभावी योगदान देने में सक्षम होंगे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में 51 हजार से अधिक युवाओं को पक्की सरकारी नौकरी के पत्र दिए गए हैं। आज भारत सरकार के अलग अलग विभागों में आप युवाओं के नए दायित्वों की शुरूआत हुई है। आपका दायित्व देश के आर्थिक तंत्र को मजबूत करना है, आपका दायित्व देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करना है, आपका दायित्व देश में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण का है, आपका दायित्व श्रमिकों के जीवन में मूलभूत बदलाव लाने का है।

### देश के युवाओं के लिए रोजगार-स्वरोजगार के अवसर बढ़ें

उन्होंने कहा कि जब युवा राष्ट्र के निर्माण में भागीदार होते हैं, तो राष्ट्र तेज विकास भी करता है और विश्व में अपनी पहचान भी बनाता है। भारत का युवा आज अपने परिश्रम और इनोवेशन से दुनिया को ये दिखा रहा है कि हममें कितना सामर्थ्य है। हमारी सरकार हर कदम पर ये सुनिश्चित कर रही है कि देश के युवाओं के लिए रोजगार-स्वरोजगार के अवसर बढ़ें।

### सरकार ने मैन्युफैक्चरिंग मिशन की घोषणा की

पीएम मोदी ने कहा कि इस बजट में सरकार ने मैन्युफैक्चरिंग मिशन की घोषणा की है। इसका उद्देश्य है- मेक इन इंडिया को बढ़ावा देना और भारत के युवाओं को ग्लोबल स्टैंडर्ड वाले प्रॉडक्ट बनाने का मौका देना। इससे ना केवल देश की लाखों रूस्स्थ्रह्य को...हमारे लघु उद्यमियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि पूरे देश में रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे।

## पुणे कोर्ट ने राहुल गांधी को मानहानि मामले में किया तलब; लंदन में सावरकर पर दिया था विवादित बयान



**पुणे,एजेंसी।** वीर सावरकर पर टिप्पणी मामले में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब पुणे की एक एमपी-एमएलए अदालत ने वीर सावरकर के एक रिश्तेदार द्वारा दायर मानहानि के मामले में लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष को तलब किया है। अदालत ने राहुल गांधी को 9 मई, 2025 को अदालत में पेश होने को कहा है। गौरतलब है कि राहुल गांधी के खिलाफ यह मामला तब दर्ज किया गया था जब उन्होंने लंदन की अपनी यात्रा के दौरान वीर सावरकर के बारे में एक बयान दिया था। जिसके बाद विनायक दामोदर सावरकर के पोते सत्यकी सावरकर ने इस मामले में अदालत का रुख किया। उन्होंने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने बीते कई सालों में लगातार कई मौकों पर सावरकर को बदनाम किया है। ये मामला विशेष तौर पर 5 मार्च, 2023 को जब गांधी यूनाइटेड किंगडम में ओवरसीज कांग्रेस को संबोधित कर रहे थे। अपनी शिकायत में सत्यकी सावरकर ने दावा किया है कि राहुल गांधी ने सावरकर के खिलाफ जानबूझकर बेबुनियाद आरोप लगाए। ऐसा करके उन्होंने सावरकर की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाया और शिकायतकर्ता और उनके परिवार को मानसिक पीड़ा भी पहुंचाई। शिकायत में कहा गया है कि अपमानजनक भाषण इंग्लैंड में दिया गया था, लेकिन इसे पूरे भारत में प्रसारित किया गया, जिसका असर पुणे में महसूस किया गया। सत्यकी ने अपनी शिकायत में बतौर सबूत लंदन में राहुल गांधी के भाषण के वीडियो को लेकर प्रकाशित कई समाचार रिपोर्ट और एक यूट्यूब लिंक पेश किया है। उन्होंने शिकायत में कहा कि गांधी ने सावरकर पर एक किताब लिखने का झूठा आरोप लगाया, जिसमें उन्होंने एक मुस्लिम व्यक्ति की पिटाई का वर्णन किया था, जिसे सावरकर ने कभी नहीं लिखा और ऐसी कोई घटना कभी नहीं हुई।

### तेलंगाना : राहुल गांधी बोले- मौलिक रूप से बदल गई है लोकतांत्रिक राजनीति, पुराने नियम अब लागू नहीं होते

**नई दिल्ली,एजेंसी।** विपक्ष के नेता राहुल गांधी भारत शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए तेलंगाना पहुंचे हुए हैं। इस दौरान सम्मेलन को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि दुनिया भर में लोकतांत्रिक राजनीति मौलिक रूप से बदल गई है। दशकों पहले जो नियम लागू थे, वे अब लागू नहीं होते। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मीडिया और सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान राजनीतिक माहौल में विपक्ष को कुचलने और मीडिया से समझौता करने की सोच चल रही है।

## कलकत्ता हाईकोर्ट बोला-नाबालिग के ब्रेस्ट छूना रेप की कोशिश नहीं लेकिन गंभीर यौन उत्पीड़न माना, आरोपी को बेल

**कोलकाता,एजेंसी।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने कहा है कि नशे में नाबालिग लड़की के ब्रेस्ट छूने की कोशिश करना, प्रिवेंशन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंस (POCSO) एक्ट के तहत रेप की कोशिश नहीं है। इसे गंभीर यौन उत्पीड़न की कोशिश माना जा सकता है। हम आरोपी को जमानत दे रहे हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट का यह फैसला तब आया है, जब सुप्रीम कोर्ट ने कुछ दिन पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट के ऐसे ही कमेंट को असंवेदनशील बताया था। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी थी। 19 मार्च को इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्रा ने कहा था- नाबालिग के ब्रेस्ट पकड़ना, पायजामे का नाड़ा तोड़ना या घसीटकर पुलिया के नीचे ले जाने की कोशिश रेप नहीं है। 26 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था, यह बहुत गंभीर मामला है।

## गुरुग्राम में बोले बाबा धीरेन्द्र शास्त्री- हिंदुओं को एकजुट करने के लिए देशभर में निकालूंगा पदयात्रा

### बागेश्वर धाम के बाबा धीरेन्द्र शास्त्री ने जेहादियों को बताया पंक्चर पुत्र- गुरुग्राम में हनुमान प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए धीरेन्द्र शास्त्री

**गुरुग्राम,एजेंसी।** बागेश्वर धाम के बाबा धीरेन्द्र शास्त्री ने आतंकियों को पंक्चर पुत्र कहते हुए हिन्दुओं को एकजुट होने का आह्वान किया। शास्त्री ने कहा कि अब समय आ गया है हमें क्षेत्र और भाषा के हिसाब से बंटना नहीं बल्कि एकजुट होना है।मैंने प्रण लिया है कि हिंदुओं को एकजुट करने के लिए देश के कोने कोने में पदयात्रा निकालूंगा। उन्होंने कहा कि हिन्दुओं मेरा साथ दो, मैं तुम्हें हिंदू राष्ट्र दूंगा।

बाबा धीरेन्द्र शास्त्री शनिवार को यहां सेक्टर-43 के एक ग्रुप के निमंत्रण पर गुरुग्राम पहुंचे। उन्होंने हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में हिस्सा लिया। धीरेंद्र शास्त्री के पहुंचने पर पूरा पंडाल जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। शास्त्री जेहादियों पर जमकर गरजे। धीरेंद्र शास्त्री ने पहलगाम में हुई आतंकी घटना की निंदा करते हुए कहा कि वहां आतंकियों ने जाति या राज्यों के नाम पूछकर नहीं, बल्कि धर्म पूछकर गोली मारी है। शास्त्री ने कहा कि अब समय आ गया है, हमें क्षेत्र और भाषा के हिसाब से बंटना नहीं बल्कि एकजुट होना है। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि पहलगाम की घटना से कुछ लोगों को मजा आ रहा है। अंदर ही अंदर खुश है। उन्होंने कहा, मैंने प्रण ले लिया है कि हिंदुओं को एकजुट करने के लिए देश के कोने-कोने में पदयात्रा निकालूंगा।

उन्होंने हिंदू युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि शास्त्रों के साथ-साथ आत्मरक्षा के लिए शस्त्रों का भी ट्रेनिंग लें। शास्त्री ने कहा कि जब वे 12 बच्चे पैदा कर सकते हैं तो हिंदू भी चार बच्चे पैदा करें, दो बच्चे परिवार और व्यापार लिए तथा दो बच्चे हिंदू राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए। धीरेन्द्र शास्त्री ने मौजूद लोगों से वादा मांगते हुए कहा कि तुम मेरा साथ दो, मैं तुम्हें हिंदू राष्ट्र दूंगा।



# सोनपुर में आक्रोश मार्च निकाल कर पकिस्तान क़े खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

*आतंकी हमले में मारे गये लोगों को कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि*

*आक्रोश मार्च में शामिल लोगों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगायें*




**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** बीते दिन जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले से सोनपुर के लोग भी आक्रोशित हैं. भाजपा से जुड़े लोगों ने ब्रह्मेश्वर महादेव मंदिर बरीयारचक से राजेन्द्र स्मारक, नयागांव तक जुलुस निकाल कर विरोध दर्ज कराया. साथ ही केंद्र सरकार से आतंकियों को सबक सिखाने और घटना में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त एक्शन लेने की मांग की। आक्रोषित लोगो न आतंकी हमले में मारे गए 26 निर्दोष पर्यटक लोगों को श्रद्धांजलि दी. इस दौरान आक्रोशित लोग पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगा रहे थे. इस दौरान लोगों ने आतंकवाद पर कड़ा विरोध जताते हुए कार्रवाई की मांग केन्द्र से की. इस अवसर पर भाजपा नेता डॉ पंकज कुमार सिंह,उपेंद्र सिंह, हेमनारायण सिंह, राजीव कुमार सिंह,अभय सिंह ,सुनिल सिंह, मंडल अध्यक्ष संजीत चौरसिया, मुकेश सिंह, अनिल सिंह,प्रमोद सिंह, विष्णु तिवारी,विमल चौरसिया,गोरख भगत अन्य लोग मौजूद रहे.वही दूसरी ओर सोनपुर में भाजपा द्वारा नगर मण्डल अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बब्लु के नेतृत्व एवं प्रदेश भाजयुमो नेता डॉ आशुतोष कुमार के संचालन मे जम्मू कश्मीर के पहलगाम मे आतंकियों के द्वारा एक कायराना हमले कर मारे गये निर्दोष लोगो के विरोध मे सोनपुर के शहीद महेश्वर चौक से गाँधी चौक सोनपुर तक आक्रोश मार्च निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया गया । आक्रोश मार्च के दौरान पाकिस्तान विरोधी नारे लगाये गए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सर्जिकल स्ट्राइक करने की माँग । इस दौरान जिला मंत्री राजीव कुमार सिंह ने कहा की ये हमला सिर्फ निहत्थे प्रयटको पर हमला नहीं हुआ है, ये देश के आत्मा पर हमला किया गया है । प्रदेश प्रवक्ता उपेन्द्र सिंह ने कहा की जाति एवं धर्म पूछ्कर लोगो को मारना अपने आप मे एक घिनौनी हरकत है, दुश्मनो के खिलाफ हमलोगो को एकता दिखाना होगा । सांसद प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह ने कहा की जिन्होंने यह हमला किया है उन आतंकियों को एवं इस हमले के साजिश करने वाले को सजा मिलकर रहेगी । आतंकियों के बची खुची जमीन को भी मिट्टी मे मिलाने का समय आ गया है। प्रदेश नेता बिनोद सिंह सम्राट ने कहा की अब समय आ गया है आतंकवादी एवं देश के गद्दारो को मोदीजी करवाई करके बदला ले । समाजसेवी कृष्णा महतो ने भी घटना की निंदा किया । प्रदेश नेता हेमनारायण सिंह, सुनील कुमार सिंह, ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह टुनटुन समेत अन्य लोगो ने कहा की हम लोगो की सम्बेदना पीड़ित परिवार के साथ है। मौके पर सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## आटा चक्की सह जनरल स्टोर से नकदी समेत हजारों की संपत्ति चोरी

**एकमा (सारण)।** जिले के रसूलपुर थाना क्षेत्र के गौसपुर गांव के बाहर में शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने एक आटा चक्की-ऑयल मिल सह जनरल स्टोर में धावा बोलते हुए नकदी समेत हजारों रुपए मूल्य के सामान की चोरी कर ली। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गौसपुर गांव निवासी सुरेश सिंह शाम में अपनी दुकान सह मिल बंद कर समीप स्थित अपने गांव के घर में खाना खाकर सोने चले गए थे। शनिवार सुबह जब उन्होंने दुकान खोली तो पाया कि दुकान के ऊपर लगा सीमेंटेड एस्टेट्स शीट टूटा व एक अंदर से खुलने वाला दरवाजा भी खुला पड़ा हुआ था।

जांच करने पर देखा गया कि गल्ले में रखे करीब पांच हजार रुपए नकदी सहित दुकान में रखा सरसों तेल, ड्राई फ्रूट्स, शैंपू, साबुन, ओआरएस ड्रिंक, कोल्ड ड्रिंक, नमकीन आदि आन्य खाने-पीने के सामान गायब थे।

घटना की सूचना मिलने के बाद रसूलपुर थाना अध्यक्ष प्रभात कुमार ने तत्काल पुलिस और निरीक्षक रवि कुमार सहित सशस्त्र पुलिस बल को मौके पर भेजा। मौके पर पहुंची पुलिस को दुकान के संचालक सुरेश सिंह ने बताया कि अज्ञात चोरों ने दुकान के ऊपर से एस्बेस्टस शीट तोड़कर आटा चक्की के भीतर प्रवेश किया और फिर अंदर के दरवाजे को खोलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद पुलिस द्वारा जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रभात कुमार ने बताया कि पीड़ित दुकानदार के द्वारा अब तक कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलते ही प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## सुपर पेट्रोलिंग ने मशरक थाना का किया औचक निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/मशरक(सारण)।** मशरक थाना का वरीय एसपी डॉ कुमार आशीष के निर्देश पर गठित सुपर पेट्रोलिंग टीम ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुपर पेट्रोलिंग टीम के पदाधिकारी ने ओडी ड्यूटी पर तैनात का औचक निरीक्षण किया और जांच पड़ताल की। वरीय एसपी डॉ कुमार आशीष ने कहा कि जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों को अपराध नियंत्रण हेतु प्रभावी गश्ती और सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए ज़िले को 6 जोन में विभाजित करते हुए सुपर पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गयी हैं

## गर्मी से अचेत आठवीं कक्षा की छात्रा सीएचसी मशरक में भर्ती

**दैनिक खोज खबर/मशरक(सारण)।** मशरक के राजकीय मध्य विद्यालय चैनपुर चरिहरा में पढ़ने के लिए आई एक छात्रा अचेतावस्था में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराई गई। छात्रा वर्ग आठवीं की नंदनी कुमारी हैं। ड्यूटी पर तैनात प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार ने बताया कि छात्रा को विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक धनई सिंह ने भर्ती कराया हैं। छात्रा का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भीषण उमस और खाली पेट की वजह से बेहोश हो गई होंगी।

## रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से युवक के कटे दोनों पैर, मौत

**एकमा (सारण)।** एकमा थाना क्षेत्र के माने मठिया गांव के एक युवक की रेलवे ट्रैक पर शौच के दौरान ट्रेन से कटने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान शिवम कुमार भारती (22), पिता प्रवीण भारती, निवासी माने मठिया के रूप में हुई है।बताया जाता है कि शिवम कुमार भारती रेलवे लाइन के किनारे शौच के लिए गया था। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसके दोनों पैर कट गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों व परिजनों की मदद से उसे आनन-फानन में एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक डॉ. विकास कुमार विमल ने गंभीर हालत को देखते हुए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।छपरा सदर अस्पताल में पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि मृतक शिवम अपने दादा-दादी के साथ गांव में रहता था, जबकि उसके माता-पिता पंजाब के अमृतसर में रहते हैं। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

## थाना परिसर में जनता दरबार आयोजित



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** सारण जिले के विभिन्न थाना परिसर में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन वरीय एसपी डॉ कुमार आशीष के आदेशानुसार किया गया। वरीय एसपी डॉ कुमार आशीष ने कहा कि जिले के सभी थाना क्षेत्रों से भूमी विवादों के निपटारे को जनता दरबार आयोजित किया गया जिसमें सीओ और थानाध्यक्ष के द्वारा सुनवाई की गयी। वहीं मशरक थाना परिसर में आयोजित जनता दरबार में सीओ सुमंत कुमार, थानाध्यक्ष रणधीर कुमार, अंचल निरीक्षक अनिल शर्मा, बड़ा बाबू रवि कुमार ने पहुंचे फरियादियों की फरियाद को सुना और कागजात की जांच पड़ताल के बाद सुनवाई की। सीओ सुमंत कुमार ने बताया कि जनता दरबार में पहले से 40 मामले लंबित थें जिस पर सुनवाई करते हुए 10 का निष्पादन किया गया वहीं 7 नया मामला दर्ज कराया गया,जिसका अगले जनता दरबार में सुनवाई किया जाएगा।

## आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों की याद में युवाओं के द्वारा कोहड़ा बाजार में निकाला कैंडल मार्च



**दैनिक खोज खबर/दाउदपुर(मांझी)।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों की याद में शुक्रवार की देर शाम राजद नेता गुड्डू कुशवाहा के नेतृत्व में युवाओं के द्वारा कोहड़ा बाजार में कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान आतंकियों के हमले को कायराना बताते हुए गुड्डू कुशवाहा ने तीव्र भर्त्सना की। गुड्डू कुशवाहा ने कहा कि हमले की जितनी निंदा की जाय, कम है। कैंडल मार्च में राजेश कुशवाहा, अजय वर्मा, डॉ. मनोज प्रसाद, अखिल पूरी, अर्जुन गुप्ता, आजाद खान, विनय कुशवाहा, विपुल गुप्ता, मोनू खान, विजय सिंह, पप्पू प्रसाद, शाहबाज खान आदि शामिल थे। वहीं मांझी में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मांझी के नरपलिया मोड से प्रखंड मुख्यालय तक कैंडल मार्च निकाल कर पहलगाम हमले में शहीद हुए लोगों श्रद्धांजलि दी। कैंडल मार्च में निशांत सिंह, नागेंद्र ठाकुर, शुभम गुप्ता, आकाश बजरंगी, अनुज सिंह, आकाश सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे।

## अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत लगाया गया कैंप, सुनी गयीं समस्याएं



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड के बहरौली पंचायत के देवरिया और गंगौली गांव के महादलित टोला में डॉ अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत विशेष विकास शिविर सरकार आपके द्वार का आयोजन किया गया। देवरिया में में विकास मित्र बबीता कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीडीओ पंकज कुमार और प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष अजीत सिंह मौजूद रहें। वहीं मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी रेशमी प्रकाश, कृषि समन्वयक अशोक सिंह, कार्यपालक सहायक राहुल कुमार, शिक्षक प्रभात कुमार, वार्ड सदस्य विनोद मांझी, सुशील कुमार राम, सुरैना खातून, संतोष कुमार राय, आंगनवाड़ी सेविका प्रभावती देवी समेत कई अन्य ग्रामीण महिला पुरूष उपस्थित रहे। बीडीओ पंकज कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य हैं कि सभी महादलित टोलों को शत-प्रतिशत सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के दायरे में लाया जाए, ताकि कोई भी पात्र लाभुक योजनाओं से वंचित न रहे।

## मशरक में सीओ और थानाध्यक्ष ने चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** सारण जिले के वरीय एसपी डॉ कुमार आशीष के निर्देश पर अपराध नियंत्रण व तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई के लिए एन एच 227 ए राम जानकी पथ ,छपरा मशरक एस एच 90 और सिवान शीतलपुर एस एच 73 पर मशरक के महाराणा प्रताप चौंक पर शनिवार की देर संध्या सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन जांच अभियान के दौरान सीओ सुमंत कुमार और थानाध्यक्ष रणधीर कुमार दल बल के साथ मौजूद रहें। थानाध्यक्ष रणधीर कुमार ने बताया कि विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान कई वाहन जब्त भी किये गये हैं। इसके साथ कई वाहनों से जुर्माना भी वसूला गया। इस दौरान बाइक, कार की डिक्की के साथ-साथ कागजात की भी जांच की गयी। बताया गया कि अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जांच के क्रम में पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, कार चालकों को सीट बेल्ट लगाने, वाहन की गति में नियंत्रण रखने, वाहन के सभी कागजात को दुरुस्त रखने का निर्देश देते हुए लोगों से जुर्माना भी वसूला, साथ ही एक बाइक पर तीन सवारों पर पुलिस की विशेष नजर रही। सीओ सुमंत कुमार ने बताया कि सड़क दुघर्टना में कमी लाने के उद्देश्य से जांच अभियान चलाया जा रहा है ,वाहन चलाते समय सावधानी बरतें और यातायात नियमों का पालन करें। यदि आपके घर से कोई भी वाहन सड़क पर निकलता है तों यातायात नियमों की जानकारी रखें। जांच अभियान में थाना पुलिस पदाधिकारी सौरभ कुमार, सुदर्शन सिंह, इमरान अंसारी,शायमी कुमारी, रश्मी झा समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे।

## मशरक नगर पंचायत की सामान्य बोर्ड की बैठक में योजनाएं चयनित

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड कार्यालय परिसर के ई किसान भवन में नगर पंचायत के कार्यालय परिसर में शनिवार को सामान्य बोर्ड की विशेष बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन सोहन महंतों ने किया वहीं मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी मो शहनवाज रजा और नाजिर रणधीर कुमार मौजूद रहें। कार्यपालक पदाधिकारी मो शहनवाज रजा ने सामान्य बोर्ड की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी वार्ड पार्षद अपने अपने वार्ड में चल रहे विकास कार्यों पर विशेष ध्यान रखें। किसी भी योजना में अनियमितता पर कार्यालय को या उन्हें सूचना दें। वहीं चेयरमैन सोहन महंतों ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में विकास की योजनाओं में तेजी लाई जाएंगी। सभी वार्डो में समुचित विकास के लिए योजनाएं चलाई जा रही है। भीषण गर्मी को देखते हुए चौंक चौराहे पर प्याऊ की व्यवस्था की गयी हैं। सभी वार्ड के चौंक पर? डस्टबिन रखी गई है। वहीं सफाई कर्मी के द्वारा समुचित सफाई व्यवस्था चलाई जा रही है। वहीं बैठक में बाजार क्षेत्र में दो जगहो पर सार्वजनिक शौचालय, स्टेशन रोड स्थित ब्रजनंदन लाइब्रेरी का जीर्णोद्धार, मार्केट में स्टेशन फीडर रोड का चौड़ीकरण, जगह-जगह यात्री शेड और बस स्टैंड निर्माण कार्य को कार्य योजना में शामिल किया गया। मौके पर वार्ड पार्षद राजेश तिवारी, बंटी राय, सूरज राम, नैमुद्दीन, सिकंदर महंतों, दिनेश कुमार, अवधेश सिंह समेत अन्य मौजूद रहें। बैठक में पूर्व के किए गए कार्यों की भी समीक्षा की गयी।

## लड़की अपहरण के मामले में सोनपुर पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**सोनपुर।** सोनपुर पुलिस ने लड़की अपहरण कांड के मामले में एक आरोपी को गोविंदचक्र के अंबेडकर नगर निवासी को गिरफ्तार कर लिया है। उक्त बात की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष राजनंदन ने शनिवार को बताया कि एक गांव क़े नवालिक लड़की के अपहरण करने के मामले में लड़की के परिजनों ने 19 अप्रैल 25 को सोनपुर थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई थी, जहां पुलिस ने मामले की तहकीकात करते हुए आरोपी गोविंदचक अंबेडकर नगर के राजा राम महतो के पुत्र रंजीत कुमार को बाकरपुर सब्जी मंडी से गिरफ्तार कर लिया है।

# दुर्गा माता की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सबलपुर से निकली कलश यात्रा



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** विश्व विख्यात हरिहर क्षेत्र सोनपुर के पवित्र भूमि ग्राम सबलपुर पूर्वी पंचायत हस्तीटोला के भगवती स्थान पर माता दुर्गा जी के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर सबलपुर चारों पंचायत के माताएं बहने सहित 551 कुवांरी कन्याओं ने अपने कलश को अपने अपने सर के ऊपर रख कलश शोभायात्रा में शामिल हो कर गाजे बाजे क़े साथ जलभरी स्थल पर पहुंची। कलश शोभायात्रा में शामिल समाजसेवी लालबाबू पटेल ने शनिवार को बताया कि कलश शोभा यात्रा में शामिल गाजे बाजे के साथ 551 कुमारी कन्या, माताएं ,बहने, भाईयों, सहित अन्य प्रबुद्ध ज्ञानवान श्रद्धालु ग्रामीण भाग लिए। कलशयात्रा जिस महलों या गालियों से गुजर रहा था देखने के लिए लोग रोड पर पहुंच कर आनंदित हो रहे थे , सबलपुर चारों पंचायत इस वक्त भक्तिमय बना हुआ है. श्रद्धालु गण कड़ाके धुप में आस्था व विश्वास के साथ गंगा तट पर पहुंचा जहाँ विद्वान ब्राह्मण के द्वारा विधि विधान के साथ नारायणी नदी से जलभरी की गई। उसके बाद पुनः यज्ञ स्थल वापसी आए मार्गो के रास्ते ही भगवती स्थान पहुंच कलश स्थापित की गई। उसके 2 घंटे बाद अयोध्या के प्रसिद्ध आचार्य प्रेम पांडे वैदिक विद्वान ब्राह्मण के द्वारा दुर्गा माता जी की प्राण प्रतिष्ठा की कार्य को प्रारंभ की गई। जो 30 मई तक पूजा पाठ चलता रहेगा। उसी दिन विधिवत दुर्गा माता जी की प्राण प्रतिष्ठा होगी एवं भंडारा के साथ कार्यक्रम सुसंपन्न होगा।इस कलश शोभायात्रा में शामिल मुख्य रूप से समाजसेवी, कर्मयोगी लालबाबू पटेल, शिक्षक अनिल कुमार, सरपंच पूर्वी पंचायत के शेखर राय,भगवती माता जी के मुख्य पुजारी, देवेंद्र राय, डॉक्टर साहेब,खुशबू कुमारी, मीसा देवी, कामनी देवी, पुष्पा कुमारी, उर्मिला देवी, गीता देवी, सहित सैकड़ों महिला , पुरूष श्रद्धालु भक्त शामिल हुए।

## चिंगारी से लगी आग,आरा मशीन पर लाखों की संपति जलकर खाक

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** छपरा-सीवान रेलखंड के चैनवा स्टेशन के समीप संचालित एक आरा मशीन में आग लगने की वजह से लाखों की लकड़ी जलकर राख हो गई. आग लगने के कारण आरा मिल मालिक को काफी नुकसान हुआ और लाखों रुपये की लकड़ी समेत अनाज व पलानी जलकर नष्ट हो गई. आग बुझाने के लिए दमकल को बुलाया गया पर दमकल की गाड़ी अन्यत्र जाने की वजह से मौके पर नहीं पहुंची. काफी मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से आग पर काबु पाया गया पर फलदार वृक्ष समेत लाखों की लकड़ियां खाक हो गयी. आरा मशीन नवादा गांव निवासी अरविंद सिंह की बतायी जाती है.

घटना के संबंध में बताया जाता है कि पड़ोसी जिले सीवान के जलालपुर में आग लगी थी दमकल द्वारा आग पर काबू पाया गया था पर कुछ घंटे के बाद हीं अवशेष चिनगारी ने भयावह रूप ले लिया और आग आरा मिल को पहुंच गयी और लाखों रुपये की लकड़ी नष्ट हो गई।

## मंदिर पर हुई वृहत सत्यनारायण भगवान की कथा जुटे ग्रामीण

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर।** प्रखंड क्षेत्र के पुरदिलपुर गांव के स्थानीय मंदिर परिसर में मंगलवार को शिव पूजन एवं श्री सत्य नारायण भगवान की कथा का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु शामिल हुए।कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार और विधिवत पूजन से हुआ। मुख्य यजमान के रूप में डॉ. के.एन. सिंह, संजय कुमार, राजश्री सिंह, प्रो. बी.के. सिंह, राम प्रवेश शुक्ल, बी.एम.पी. सिंह, डॉ. श्रीमती आर. सिंह, त्रिलोकी साह ने पूजन-अर्चन किया।विशेष अतिथि के तौर पर थानाध्यक्ष प्रियंका कुमारी और पुअनि ईशा कुमारी की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम में चंद्रशेखर भारद्वाज एच एम आलोक कुमार सिंह सहित अन्य श्रद्धालु भी उपस्थित रहे।पंडितों द्वारा पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कराई गई। तत्पश्चात सत्य नारायण भगवान की कथा का वाचन हुआ, जिसमें जीवन में सत्य और धर्म के महत्व को रेखांकित किया गया।आयोजन के अंत में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। पूरे कार्यक्रम का वातावरण भक्ति भाव और श्रद्धा से ओत-प्रोत रहा।

## शराब के नशे में बेटे की पिटाई से इलाज के दौरान मां की हुई मौत

**आंदर (सिवान)** ~थाना क्षेत्र के भवराजपुर में 20 अप्रैल की रात शराब के नशे में धुत बेटे ने अपने मां-बाप के साथ मारपीट कर घायल कर दिया था। इस दौरान पिता की मौत हो गई थी। वहीं मां गंभीर रूप से घायल हो गई थी। घायल मां का अन्य अस्पताल में चल रहा था। इस दौरान मां मां हदीसन खातून की मौत शनिवार को हो गई। ज्ञात हो कि 20 अप्रैल की रात शराब के नशे की धुत में किताबुद्दीन अंसारी ने अपने पिता हदीस अंसारी से बाइक की चाबी मांगा। बाइक की चाबी नहीं देने पर घटना को अंजाम दिया।

## ट्रक के धक्के से जीरादेई रेलवे ढाला का बूम टूटा

**सिवान।**जीरादेई रेलवे ढाला के बूम को शुक्रवार को एक ट्रक वाले ने धक्का मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। इस मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि दिनांक 25 अप्रैल की रात्रि सूचना प्राप्त हुई कि सिवान-जीरादेई स्टेशन किलोमीटर संख्या 388/28-30 के मध्य स्थित समपार संख्या 93 ए को ट्रक के चालक द्वारा धक्का मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। उक्त सूचना पर उप निरीक्षक जयेंद्र कुमार मिश्रा, एएसआइ छोटेलाल सिंह यादव व कांस्टेबल शिवतार प्रसाद समपार संख्या 93 ए पर पहुंचे। जहां कार्यरत गेटमैन पंकज कुमार मिले। गेटमैन ने बताया कि उनकी ड्यूटी समपार संख्या 93 ए पर लगी थी, ड्यूटी के दौरान आन ड्यूटी स्टेशन मास्टर सिवान द्वारा गाड़ी संख्या 15909 को पास करने की सूचना समय1.08 बजे दिया। उक्त सूचना पर समपार को बंद कर रहा था की दक्षिण दिशा से एक ट्रक के चालक द्वारा अपना ट्रक तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए समपार के दक्षिणी बूम में धक्का मार दिया। इससे बूम क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर गेटमैन द्वारा चालक व ट्रक को पकड़ लिया गया, तभी मौके पर सिग्नल राज किशोर यादव अपने स्टाफ के साथ उपस्थित हुए जिनके साथ समपार के क्षतिग्रस्त दक्षिणी बूम का निरीक्षण किया गया तो पाया गया कि समपार के दक्षिणी बूम का जड़ से पहला व तीसरा बूम क्षतिग्रस्त हो गया है। जो कार्ययोग नहीं है। उक्त घटना से हुई रेल राजस्व की क्षति 15 हजार आठ सौ रुपए आकी गई। गिरफ्तार चालक मीरगंज थाना क्षेत्र के साहेबा चक निवासी रंजीत कुमार यादव है।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष ने की अग्निपीड़ित किसानों के मुआवजे की मांग

**रघुनाथपुर (सिवान)।** प्रखंड के संठी गांव के चंवर में शुक्रवार की दोपहर में हुई अगलगी की घटना में करीब 150 किसानों की करीब सौ बीघा में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई थी। इससे करीब 25-30 लाख का नुकसान हुआ था। इस घटना के बाद किसानों के समक्ष आर्थिक समस्या उत्पन्न हो गई है। इसको देखते हुए भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रत्नेश्वर कुमार सिंह ने शनिवार को अंचलाधिकारी प्रत्यक्ष कुमार को पत्र लिख कर किसानों को फसल क्षति का मुआवजा दिलाने की मांग की है। उन्होंने जले फसलों का आकलन करा किसानों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। साथ ही इस घटना की जांच कराने की भी मांग की है।

## मुखिया व नर्सिंग होम के मैनेजर से रंगदारी मांगने के मामले में एक गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सीवान।** नगर थाना क्षेत्र के रामनगर आंदर ढाला स्थित लक्ष्मी नर्सिंग होम के मैनेजर चंदन कुमार सिंह से 25 लाख व आंदर थाना क्षेत्र के मदेशिलापुर पंचायत के मुखिया सुभाष यादव से रंगदारी मांगने के मामले में जिला पुलिस ने एसटीएफ की मदद से एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश आंदर थाना क्षेत्र के मदेशीलापुर निवासी अमरनाथ यादव का पुत्र धर्मेंद्र कुमार यादव है। गिरफ्तार बदमाश के पास से रंगदारी मांगने में प्रयुक्त मोबाइल को भी पुलिस ने बरामद किया है। मामले में नगर थाना में शनिवार को पुलिस उपाधीक्षक (साइबर) सुशील कुमार ने प्रेस वार्ता कर बताया कि 22 अप्रैल को करीब 2~48 दिन में लक्ष्मी नर्सिंग होम के मैनेजर चंदन कुमार सिंह के मोबाइल पर अज्ञात बदमाशों द्वारा 25 लाख रुपया की रंगदारी मांगी गई और नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई। कांड के उद्भेदन हेतु प्रभारी पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार सिंह द्वारा मेरे नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। टीम द्वारा तकनीकी शाखा के सहयोग से शनिवार को कांड का उद्भेदन किया गया। रंगदारी की मांग करने वाले व्यक्ति धर्मेंद्र कुमार यादव को रंगदारी मांगने वाले मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार किया है। बताया कि मदेशिलापुर पंचायत के मुखिया सुभाष यादव ने 24 अप्रैल को आंदर थाना में आवेदन देकर अज्ञात के विरुद्ध फोन कर फिरौती मांगने के आरोप लगाते हुए प्राथमिकी कराई थी। आवेदन में कहा था कि 22 अप्रैल को मोबाइल पर फोन आया कि तुम्हें सुरक्षित रहना है तो रुपये देने होंगे। प्राथमिकी के बाद से पुलिस मामले की जांच में जुट गई थी। पूछताछ में उसने इस कांड में भी अपना अपराध स्वीकार किया है। गिरफ्तार बदमाश के विरुद्ध नगर थाना कांड संख्या 287/25 , आंदर थाना कांड संख्या 111/25, चकिया थाना कांड संख्या 307/24 दर्ज है, उक्त में आरोपित जमानत पर जेल से बाहर आया था। वहीं उत्पाद थाना कांड संख्या 676/23में भी यह आरोपित है।

## बिहार सीनियर महिला हैंडबॉल टीम का चयन 28 अप्रैल को सीपीएस छपरा में

### चयनित बिहार टीम गुजरात मे आयोजित 54वी नेशनल महिला हैंडबॉल में खेलेगी

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** गुजरात के भुज में 20 से 25 मई तक आयोजित 54 वी सीनियर महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली बिहार टीम का चयन 28 अप्रैल को सारण जिला मुख्यालय अवस्थित सेंट्रल पब्लिक स्कूल चांदमारी रोड छपरा में होगा। उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बिहार हैंडबॉल संघ के महासचिव ब्रजकिशोर शर्मा ने दी । उन्होंने बताया कि उक्त चयन ट्रायल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले महिला खिलाड़ी को आधार कार्ड एवम फोटो लेकर आना है। निर्धारित तिथि को अपराह्न एक बजे तक खिलाड़ियों को सीपीएस स्कूल के प्रबंधक डॉ विकास कुमार सिंह को रिपोर्ट करेंगे। ट्रायल सह चयन प्रतियोगिता में चयनित महिला खिलाड़ियों का आवासीय प्रशिक्षण शिविर सारण जिला हैंडबॉल संघ के देखरेख में संत जलेश्वर एकेडमी बड़ा लौवा बनियापुर में एक पखवाड़े तक आयोजित की जाएगी। ट्रायल सह चयन प्रतियोगिता के प्रभारी सारण जिला हैंडबॉल के चेयरमैन सह सीपीएस ग्रुप के निदेशक डॉ हरेन्द्र सिंह होंगे।

## कांड का अभियुक्त गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)**- स्थानीय थाना पुलिस ने क्षेत्र के डोहर गांव में छापेमारी कर एक कांड के अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, गिरफ्तार युवक डोहर गांव निवासी रामायण सिंह का पुत्र कामेश्वर सिंह बताया जाता है।

## रौजा स्थित ब्रह्म विद्यालय आश्रम में सत्तू भंडारा में संतो व श्रद्धालुओं की जुटी भीड़




**दैनिक खोज खबर/छपरा।** छपरा सदर प्रखंड के रौजा में शनिवार को ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम में कई प्रदेशों से आए बड़ी संख्या में संतो और श्रद्धालुओं का जुटान हुआ. श्रद्धालुओ ने इस अवसर पर सत्तू का प्रसाद ग्रहण किया.

प्रत्येक वर्ष की तरह आयोजित भंडारे में हजारों की संख्या में लोगों ने सत्तू का प्रसाद ग्रहण किया. ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम के संस्थापक गुरु परमहंस अद्वैतानंद जी महाराज ने छपरा में ही जन्म, गुरु व ज्ञान की प्राप्ति कर पाकिस्तान के टेरी में परम विधा गुरु भक्ति पंथ की स्थापना की. वहीं से यह ज्ञान टेरी से वराणसी और राजपुर बक्सर होते वापस छपरा पहुंचा है.बता दें कि संस्थापक गुरु श्री स्वामी परमहंस आद्वेतानन्द जी महाराज का जन्म छपरा के सरयू नदी किनारे दहियावा में हुआ था. इसको लेकर इस आश्रम से जुड़े स्वामी और श्रधालुओं में छपरा को लेकर विशेष आकर्षण रहता है. हालांकि बाद में स्वामी जी देश का भ्रमण करते हुए पाकिस्तान के टेरी चले गए थे,जहा आज भी उनकी समाधी है. छपरा में ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम कि स्थापना 2005 में बताई जाती है. इस अवसर पर महात्मा व्यासानंद जी महाराज, शब्द योगानंद जी महाराज, प्रमेश्वरानंद जी महाराज, शब्दयोगानंद जी महाराज, मढ़ौरा के चिकित्सक डा. बी.के सिंह, सहीत अन्य श्रद्धालु और महात्मा मौजूद थे।

## वार्षिकोत्सव दीक्षांत सह पुरस्कार वितरण समारोह में छात्र हुए सम्मानित

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित एसएस उच्च विद्यालय सह इंटर कालेज परिसर में प्राचार्य लाल बाबू कुमार की अध्यक्षता में वार्षिकोत्सव दीक्षांत सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान इस वर्ष मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा में उत्कृष्ट अंकों से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र, काफी-कलम आदि देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष वार्गीद्रनाथ पाठक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से यह विद्यालय छात्र- छात्राओं के भविष्य को संवारने में अपना समर्पण भाव का परिचय देते आया है उसके लिए प्राचार्य सहित सभी शिक्षक साधुवाद के पात्र हैं। उन्होंने छात्रों को आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षा को अपने जीवन में अंगीकार कर ऊंचे-ऊंचे पदों को सुशोभित करें। प्राचार्य ने कहा कि बच्चे विद्यालय रूपी बगीचे के रंग बिरंगे पुष्प हैं। इन्हें सजाने संवारने में शिक्षकों की महती भूमिका रही है। इस अवसर पर मैट्रिक एवं इंटर के करीब 300 छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के शिक्षकों ने छात्रों के सम्मान में स्वागत, गीत प्रस्तुत कर उनके हौसले को बुलंद कर दिया। इस अवसर पर शिक्षक वीरेंद्र कुमार यादव, अपूर्वा त्रिपाठी, राजीव कुमार ठाकुर, एजाज अहमद, रवींद्र कुमार रमन, राजेश कुमार आदि शिक्षक उपस्थित थे।

## बाबा साहब के जन्म दिवस समारोह की तैयारी की समीक्षा

दरौली बाजार स्थित एक मैरेज हाल में शुक्रवार की शाम भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में 29 अप्रैल को जिला मुख्यालय स्थित आंबेडकर पार्क में भारत रत्न डा. भीम राव आंबेडकर के जन्म दिवस समारोह की तैयारी की समीक्षा की गई। भाजपा महादलित प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज कुमार राम ने बताया कि बाबा साहब के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी सह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। इस मौके पर मुन्ना तिवारी, कुंदन सिंह, सत्यम सिंह, हरेंद्र कुशवाहा, मुंनी भगत, जगनारायण सिंह, समरजीत सिंह, सुभाष ठाकुर, शैलेंद्र मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## सोनपुर मे बाबु वीरकुंवर सिंह की मनायीं गयी पुण्यतिथि




**सोनपुर।** भाजपा कार्यालय सोनपुर मे बाबु वीरकुंवर सिंह की तैल चित्र पर पुष्पांजलि कर 167वी पुण्यतिथि मनाई गई । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बब्लु ने किया मौके पर सभी कार्यकर्त्ता ने बाबु वीरकुंवर सिंह जी को श्रद्धांजलि देते हुए उनकी वीरता और बलिदान को नमन किया 7 कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश प्रवक्ता उपेन्द्र सिंह ने कहा की बाबु वीरकुंवर सिंह का जन्म 1777 मे भोजपुर जिले के शाही परिवार मे हुआ था, बचपन से ही उन्हें यूद्धकला मे पारंगत बनाया गया, उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही की 80वर्ष के उम्र मे भी कई मोर्चो पर अंग्रेजो को मात दी7 प्रदेश भाजयुमो नेता डॉ आशुतोष जी ने कहा की वीरकुंवर सिंह की वीरता और बलिदान आज की युवाओ के लिए प्रेरणास्त्रोत है, उनकी देशसेवा की भावना को आगे बढ़ाना ही सच्ची श्रद्धांजलि है 7नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बब्लु ने कहा कि बाबु वीरकुंवर सिंह न केवल बिहार बल्कि पुरे देश के प्रेरणास्त्रोत है, उन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना राजपाट, जीवन एवं सम्मान तक त्याग दिया।

## महादलित टोलों में शिविर लगा दी गई विकास संबंधित जानकारी

दैनिक खोज खबर/सिवान। जिले के हुसैनगंज, रघुनाथपुर समेत अन्य प्रखंड के विभिन्न महादलित टोलों में शनिवार को शिविर लगाकर विकास संबंधित जानकारी दी गई तथा इसका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज प्रखंड के आठ पंचायत अंतर्गत आठ महादलित टोले में बीडीओ राहुल कुमार के नेतृत्व में डा. आंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत बघौनी, रसूलपुर, बड़रम, खरसंडा, मचकना, छाता, मड़कन एवं प्रतापपुर में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों को बिहार महादलित विकास मिशन के माध्यम से सरकार द्वारा चलाई जा रहे 22 विशेष मूलभूत योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, कन्या उत्थान योजना, ई-श्रम कार्ड, जाब कार्ड, राशनकार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, कौशल विकास योजनाओं सहित अन्य सभी योजनाओं पर विशेष जानकारी दी गई ताकि इसका लाभ पहुंचाकर उन्हें समाज के मुख्यधारा में जोड़ा जा सके। इस अवसर सभी विकास मित्र, कृषि सलाहकार, कार्यपालक सहायक सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे। वहीं रघुनाथपुर प्रखंड के आठ पंचायत क्रमश~रघुनाथपुर, टारी, राजपुर, पंजवार, कुशहरा, गोपी पतियाव, निखती कला, फुलवरिया में बीडीओ दीक्षा गुप्ता के नेतृत्व में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बिहार सरकार की योजनाओं से वंचित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोगों के घर तक 22 योजनाओं की लाभ के पहुंचाने की जानकारी दी गई। बीडीओ ने बताया कि महादलित बस्ती में वंचित लाभार्थी लोगों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए शिविर लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई है तथा इसके लाभ के लिए जागरूक किया गया है। इन योजनाओं में राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, पीएम उज्वला योजना, आयुष्मान भारत, कौशल विकास, पीएम आवास, सामाजिक सुरक्षा, जाब कार्ड सहित अन्य योजना शामिल हैं। इस मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सिपाही के दुर्व्यवहार के विरोध में धरना पर बैठे माले नेता

**मैरवा(सिवान)** ~सड़क किनारे वाहन खड़ा देख भड़के एक सिपाही के अकुशल व्यवहार से आहत भाकपा माले के पूर्व मैरवा नगर सचिव सड़क पर धरना पर बैठ गए। देखते ही देखते काफी भीड़ एकत्रित हो गई। इसकी जानकारी होते ही कई स्थानीय नेता भी वहां पहुंच गए। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष और अंचलाधिकारी ने मामले की जांच की। थानाध्यक्ष भारत शाह ने बताया कि फिलहाल कार्रवाई करते हुए संबंधित सिपाही को लाइन हाजिर होने के लिए कमान दे दिया गया है। सिपाही ओम प्रकाश चौबे हैं। उधर धरना पर बैठे भाकपा माले के पूर्व नगर सचिव प्रभु बर्णवाल ने कहा कि उन्होंने थानाध्यक्ष को आवेदन देकर दोषी सिपाही के विरुद्ध कार्रवाई का अनुरोध किया है। सिपाही द्वारा किए गए ऐसे आचरण के लिए तत्काल निलंबित किया जाना चाहिए। अन्यथा वे चुप नहीं बैठेंगे। बता दें की भाकपा माले के पूर्व नगर सचिव प्रभु बर्णवाल उत्तर प्रदेश के रतसिया कोठी से मैरवा बाजार अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान स्टेशन चौक के निकट एक दुकान के सामने सड़क के किनारे उन्होंने अपनी स्कूटी खड़ी कर दी। उधर सड़क पर जाम लगा देख पुलिस वाहन में सवार एक सिपाही ने भाकपा माले के मैरवा के पूर्व नगर सचिव के साथ कहासुनी व धक्कामुक्की और अकुशल व्यवहार की। इस पर वे धरना पर बैठ गए और इसे पुलिस पब्लिक मित्रवत व्यवहार की नीति के विरुद्ध बताते हुए धरने पर बैठ गए। धरना पर बैठने की सूचना के बाद पुलिस मोहकमे में हलचल मच गई। अंचलाधिकारी और थानाध्यक्ष दलबल के साथ वहां पहुंचे और बातचीत कर धरना समाप्त कराया।

## विधिक जागरुकता शिविर में रैगिंग निषेध, जल संरक्षण व नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित

**दैनिक खोज खबर/बसंतपुर (सिवान)**~ प्रखंड मुख्यालय स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को विधिक जागरुकता अभियान सह लीगल अवेयरनेस प्रोग्राम न्याय मित्र के अधिवक्ता परशुराम सिंह एवं न्यारक्षक इरशाद हुसैन की अध्यक्षता में विधिक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर पारा लीगल वालेंटियर्स द्वारा कानूनी जागरुकता अभियान के दौरान विद्यालय में रैगिंग निषेध एवं जल संरक्षण विषय पर विधि जागरुकता कार्यक्रम एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही इस संबंध में बच्चों को जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम के तहत लोगों को जिला विधिक से मिलने वाली सुविधाओं को लेकर भी जागरूक किया गया। पैनल अधिवक्ता परशुराम सिंह ने बताया कि जागरुकता अभियान में लोगों को यह भी बताया गया कि विद्यालय परिसर में रैगिंग को रोकने तथा इसकी परंपरा के मूलभूत उद्देश्य के सकारात्मक पहलुओं पर प्रकाश डाला गया। वहीं नारा लेखन में ÷ रैगिंग को ना कहें दोस्ती का सम्मान करें÷ तथा जल संरक्षण विषय पर ÷पानी की रक्षा पृथ्वी को सुरक्षा÷ इत्यादि नारे बुलंद किए गए। नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार खुशी कुमारी, द्वितीय पुरस्कार रानी कुमारी एवं तृतीय पुरस्कार मुस्कान खातून को प्रदान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान अध्यापक विजय शंकर पांडेय, एएसआइ अजीत कुमार, लक्ष्मण राय, सुषमा कुमारी, रूबी शर्मा, सुधीर कुमार, विजय कुमार, नंदलाल यादव, तबराक मियां सहित छात्र- छात्राएं उपस्थित थीं।

## पूजा अर्चना के बाद शैक्षणिक कार्य का शुभारंभ

**सिवान।** नौतन प्रखंड के सेमरिया बंका मोड़ स्थित नवरंग प्रभुनाथ इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग एंड हास्पिटल नवनिर्मित भवन में तीन दिनों के पूजन अर्चना के बाद शैक्षणिक कार्य शुभारंभ हो गया। पूजन समारोह सुबह विगत तीन दिनों से जारी था। इस ऐतिहासिक पूजनोत्सव में प्रमुख मीरा पांडेय, राजेश पांडेय, गोपालगंज के कटेया के प्रमुख आनंद मिश्र, सिवान को-आपरेटवि बैंक के निदेशक अजय कुमार उर्फ मंटू तिवारी, कालेज के चेयरमैन मनीष पांडेय , राजीव पांडेय आदि की उपस्थिति में आचार्यो द्वारा रुद्राभिषेक व भगवान गणेश का भव्य अनुष्ठान करा कर नए भवन को आधिकारिक रूप से शिक्षक एवं छात्र- छात्राओं को समर्पित किया गया। इस समारोह में प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों, पंचायत प्रतिनिधि छात्रों तथा डाक्टरों, प्रोफेसरों की उपस्थिति देखी गई। यह नर्सिंग कालेज इस क्षेत्र के विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो रहा है। यह नर्सिंग शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए अपनी निरंतर प्रतिबद्धता में योगदान दे रहा। वहीं मनीष पांडेय में बताया कि बिहार के स्वस्थ मंत्री मंगल पांडेय के नेतृत्व में चिकित्सा व शिक्षा के क्षेत्र में शानदार काम हो रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में गरीब लोगों की चिकित्सा हो या गरीब की पढ़ाई दोनों में सरकार भरपूर सहयोग दे रही जो सराहनीय कदम है।

## गर्मी को देखते हुए विद्यालय संचालन के समय परिवर्तन की मांग

**महाराजगंज (सिवान)।** लगातार भीषण गर्मी को देखते हुए सरकारी एवं निजी विद्यालय संचालन के समय में परिवर्तन की मांग अभिभावकों ने की जिलाधिकारी से की है। अभिभावक शांता कौशलेंद्र सिंह, मानवेंद्र कुमार अभय, सतीश सिंह, संजय शरण, मनु कुमार, फतेहबहादुर, गोपाल, नब्बी रसूल, फुल कुमार आदि ने कहा कि इस भीषण गर्मी में विद्यालय के समय में परिवर्तन जरूरी है। बच्चों को काफी परेशानी हो रही है।

## नाबालिग के अपहरण मामले में चार नामजद

**हसनपुरा (सिवान)** ▪एमएच नगर थाना के एक गांव से एक नाबालिग का शादी की नीयत से अपहरण कर लिया गया है। इस मामले में अपहता की पीड़ित मां ने 23 अप्रैल को दो महिला सहित चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी कराई है। उसने आरोप लगाया है कि मेरी पुत्री अपने घर में खाना बनाकर शौच करने बाहर गई थी। जब शौच के बाद घर वापस नहीं आई तो हम सभी अपनी लड़की की खोज घर करने लगे। लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। मुझे पुरा विश्वास है कि मेरी लडकी को मेरे ही गांव के कुछ लोगों द्वारा अपहरण कर लिया गया है। इस मामले में उसने मन्नू कुमार राजभर सहित तीन अन्य लोगों पर शादी की नीयत से लड़की को बहला फुसला कर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। उक्त लोगों द्वारा कहा जा रहा है कि तुम्हारी लड़की को मेरा लडका जहां ले जाना था वह लेकर चला गया है। तुम हल्ला करोगी तो तुम्हारी लड़की को जान से मार देंगे। पुलिस प्राथमिकी कर मामले की जांच कर रही है।

## कर्णपुरा में हुई गोलीबारी मामले में चार दिन बाद भी नहीं हुई गिरफ्तारी

**दैनिक खोज खबर/तरवारा (सिवान)** ▪जीबी नगर थाना क्षेत्र के कर्णपुरा गांव में 23 अप्रैल को बदमाशों द्वारा फायरिंग व लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया था। इस मामले में गीता देवी के आवेदन पर सात नामजद समेत कुल दो दर्जन से अधिक लोगों को आरोपित किया है। पुलिस को दिए आवेदन में वादिनी ने आरोपितों पर पिस्टल से फायरिंग करने, मारपीट करने, घर में रखे जेवर आदि लूट लेने का आरोप लगाया है। आरोप के मुताबिक बदमाशों ने केश करने पर गोली मारने की भी धमकी दी। बरहाल पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है और अभियुक्तों की गिरफ्तारी को ले छापेमारी कर रही है। घटना के चार दिन बाद भी पुलिस द्वारा एक भी आरोपित को गिरफ्तार नहीं करने से स्वजनों में नाराजगी है।

## आपसी विवाद में हुई मारपीट मामले में प्राथमिकी

**दारौंदा (सिवान)** ▪थाना क्षेत्र के कौथुआ सारंगपुर में 22 अप्रैल को दवनी के दौरान धूल घर के अंदर जाने के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। इस मामले में एक पक्ष की झगरू राम की पत्नी दुली देवी ने थाना में आवेदन देकर विजय राम, रोहित राम, कलावती देवी, रुबी देवी गाली-गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाया है। प्राथमिकी के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## मुखिया से फोन पर फिरौती मांगने वाला युवक को एसटीएफ ने किया गिरफ्तार

**आंदर (सिवान)**▪थाना के मदेशिलापुर पंचायत के मुखिया से फोन पर फिरौती मांगने वाला युवक को एसटीएफ की टीम ने शनिवार की सुबह उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार युवक की पहचान धर्मेंद्र यादव के रूप में हुई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष पप्पन कुमार ने बताया कि एसटीएफ टीम ने आंदर थाना के सहयोग से मोबाइल लोकेशन के माध्यम से शनिवार की सुबह मदेशिलापुर पश्चिम टोला में छापेमारी की जहां से आरोपित धर्मेंद्र यादव को गिरफ्तार कर लिया। बताते हैं कि मदेशिलापुर पंचायत के मुखिया सुभाष यादव ने 24 अप्रैल को आंदर थाना में आवेदन देकर अज्ञात के विरुद्ध फोन कर फिरौती मांगने के आरोप लगाते हुए प्राथमिकी कराई थी। आवेदन में कहा था कि 22 अप्रैल को अंजान नंबरों से काल आया कि तुम्हें सुरक्षित रहना है तो मुझे रुपये देना होगा, नहीं तो इसका अंजाम भुगतना पड़ेगा। प्राथमिकी के बाद से पुलिस मामले की जांच में जुट गई थी।

## वार्षिकोत्सव दीक्षांत सह पुरस्कार वितरण समारोह में छात्र हुए सम्मानित

**भगवानपुर हाट (सिवान)** ▪प्रखंड मुख्यालय स्थित एसएस उच्च विद्यालय सह इंटर कालेज परिसर में प्राचार्य लाल बाबू कुमार की अध्यक्षता में वार्षिकोत्सव दीक्षांत सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान इस वर्ष मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा में उत्कृष्ट अंकों से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र, काफी-कलम आदि देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष वागींद्रनाथ पाठक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से यह विद्यालय छात्र- छात्राओं के भविष्य को संवारने में अपना समर्पण भाव का परिचय देते आया है उसके लिए प्राचार्य सहित सभी शिक्षक साधुवाद के पात्र हैं। उन्होंने छात्रों को आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षा को अपने जीवन में अंगीकार कर ऊंचे-ऊंचे पदों को सुशोभित करें। प्राचार्य ने कहा कि बच्चे विद्यालय रूपी बगीचे के रंग बिरंगे पुष्प हैं। इन्हें सजाने संवारने में शिक्षकों की महती भूमिका रही है। इस अवसर पर मैट्रिक एवं इंटर के करीब 300 छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के शिक्षकों ने छात्रों के सम्मान में स्वागत, गीत प्रस्तुत कर उनके हौसले को बुलंद कर दिया। इस अवसर पर शिक्षक वीरेंद्र कुमार यादव, अपूर्वा त्रिपाठी, राजीव कुमार ठाकुर, एजाज अहमद, रवींद्र कुमार रमन, राजेश कुमार आदि शिक्षक उपस्थित थे।

## जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले के विरोध में महागठबंधन ने निकाला कैंडल मार्च

**रघुनाथपुर (सिवान)** ▪प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को देर शाम महागठबंधन कार्यकर्ताओं ने कैंडल मार्च निकाल जम्मू- कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले का विरोध का जताया। कैंडल मार्च राजद प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार यादव के नेतृत्व में निकाला गया। महागठबंधन कार्यकर्ता मुख्यालय स्थित डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के समीप एकत्रित हुए कैंडल जला जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के शिकार हुए पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद कैंडल मार्च निकाली गई। कैंडल मार्च डा. भीम राव आंबेडकर की प्रतिमा से आरंभ होकर नवादा मोड़ तक पहुंच संपन्न हो गया। इस दौराद राजद प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि जिस प्रकार आतंकवादियों द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है वह काफी निंदनीय है। उन्होंने ऐसी घटना की प्रति सजगता दिखाते हुए कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर पूर्व जिला पार्षद अनिल सिंह, टीपी सिंह, भाकपा माले प्रखंड सचिव सत्येंद्र राम, अखिलेश कुमार पांडेय सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## दारौंदा में जीविका ने की नीरा बिक्री की शुरुआत

**दारौंदा (सिवान)।** प्रखंड के बगौरा वार्ड संख्या दो के समीप जीविका द्वारा शनिवार को अस्थाई नीरा स्टाल का शुभारंभ किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य नीरा के शारीरिक फायदा के प्रति जनसमुदाय को जागरूक करना है। नीरा स्टाल का शुभारंभ जीविका बीपीएम अमित प्रीतम के नेतृत्व एवं जीविकोपार्जन नोडल पर्सन किशोर कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। इनके द्वारा पिछले 20 दिनों से ताड़ी व्यवसाय से जुड़े लोगों को चयनित कर नीरा विषय में प्रशिक्षण दिया गया था। इसके बाद नीरा स्टाल का शुभारंभ कराया गया। जीविका कर्मी अमरजीत कुमार द्वारा बारी-बारी से नीरा से संबंधित स्वास्थ्यवर्धक फायदे के बारे में वहां उपस्थित जन समुदाय को बताया गया, इसका उपयोग बच्चा से लेकर बुजुर्ग तक अर्थात किसी भी उम्र के व्यक्ति द्वारा किया जा सकता है और अपने स्वास्थ्य में वृद्धि कर सकता है।

# मशाल खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने बिखेरी प्रतिभा की पहचान

**सिवान।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण व शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास से सरकार की महत्वाकांक्षी पहल प्रतिभा खेल पहचान योजना मशाल खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन जिले के विभिन्न सरकार विद्यालयों में किया गया। इस दौरान बच्चों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के तहत अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। जानकारी के अनुसार दारौंदा प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में मशाल खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित किया गया। प्रधानाध्यापकों ने बताया कि विद्यालयों में नामांकित छात्र-छात्राओं की खेल प्रतिभा निखारने के लिए बिहार राज्य खेल प्राधिकरण व शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास से सरकार की महत्वाकांक्षी पहल प्रतिभा खेल पहचान योजना मशाल खेलकूद प्रतियोगिता की शुरुआत हो गई है। यह प्रतियोगिता 27 अप्रैल तक चलेगी। इसके माध्यम से छात्र-छात्राओं में से प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। बीईओ सौरभ सुमन ने बताया कि सरकारी विद्यालयों में खेल प्रतिभाओं को निखारने व उन्हें राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने का एक अभूतपूर्व प्रयास है। उन्होंने ने बताया कि मशाल कार्यक्रम के तहत कुल पांच विधाओं में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसमें अंडर-14 व अंडर-16 छात्र-छात्राओं के बीच फुटबाल समेत साइकिलिंग, कबड्डी, फुटबाल व वालीबाल आदि प्रतियोगिताएं शामिल है। यह प्रतियोगिता माध्यमिक विद्यालय पकवलिया, माध्यमिक विद्यालय कोड़ारी कला, माध्यमिक विद्यालय रसूलपुर नंदा टोला, माध्यमिक विद्यालय बालबंगरा आदि विद्यालयों में आयोजित की गई गई है। सीआरसी स्तर पर विद्यालय स्तर के विजेता अगले चरण में भाग लेंगे। वहीं प्रखंड स्तर पर नाकआउट और इंटर-पूल मैचों का आयोजन होगा। इसके बाद जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी चयनित होंगे और अंतिम चरण में राज्य स्तर पर विजेताओं को पुरस्कृत किया जाउगा। संकुल स्तरीय प्रतियोगिता 19 मई से विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी संकुल स्तर की प्रतियोगिता में शामिल होंगे। संभवतः संकुल स्तरीय प्रतियोगिता 19 से 31 मई के बीच कराई जा सकती है। आंदर प्रखंड के रकौली स्थित उत्क्रमित मध्य सह उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में प्रधानाध्यापक प्रशांत कुमार सिंह के देखरेख में मशाल प्रतियोगिता के तहत विद्यालय स्तरीय वालीबाल, साइकिलिंग, फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि इसमें बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया तथा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस मौके प शिक्षक के मनोज कुमार सिंह, धर्मवीर सिंह, मो. अबू सालेह, राकेश कुमार, संजीव कुमार, प्रीति कुमारी, सावित्री कुमारी, पुष्पा कुमारी समेत दर्जनों शिक्षक व बच्चे उपस्थित थे। इसमें संकुल मध्य विद्यालय महमूदपुर, मध्य विद्यालय रानीपुर, मध्य विद्यालय पहाड़पुर, उच्च माध्यमिक विद्यालय सदरपुर के काफी संख्या में बच्चे शामिल हुए। प्रतियोगिता के तहत बच्चों को नींबू, पानी, ग्लूकोज का भी सेवन कराया गया। इस मौके पर संकुल के शारीरिक शिक्षक अनिल कुमार मांझी समेत, प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार मंडल, समन्यवक ओमप्रकाश मांझी आदि उपस्थित थे।

## डा. उमाशंकर साहू को राजभाषा आयोग के सदस्य बनाए जाने पर खुशी

**भगवानपुर हाट (सिवान)** ▪ राजभाषा आयोग भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा सिवान जिले के भगवानपुर हाट प्रखंड के रामपुर कोठी निवासी डा. उमाशंकर साहू को राज भाषा आयोग के सदस्य के रूप में नामित किए जाने से क्षेत्र के विद्वानों, साहित्यकारों, रंगकर्मियों एवं शिक्षा प्रेमियों ने खुशी व्यक्त करते हुए भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह के प्रति आभार प्रकट की है। लोगों ने कहा है कि साहू को राज भाषा आयोग के सदस्य के रूप में नामित कर सिवान जिला ही नहीं बल्कि बिहार प्रदेश का सम्मान बढ़ाया है। डा. उमाशंकर साहू ने बताया कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव द्वारा नामित पत्र डाक द्वारा भेजा गया है जो उन्हें प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि गृह मंत्रालय द्वारा देश के तीन विद्वान साहित्यकारों को नामित किया है जिसमें से एक वह भी शामिल हैं।उन्होंने बताया कि राजभाषा आयोग में लोकसभा के 30 तथा राज्यसभा के 20 सदस्य होते हैं और यह गृह मंत्रालय के अधीन होता है जिसके अध्यक्ष गृहमंत्री अमित शाह हैं। डा. साहू भोजपुरी और हिंदी भाषा के लिए पिछले कई वर्षों से विभिन्न संगठनों और संस्थाओं से जुड़कर काम करते आ रहे हैं और भाषा की सेवा के लिए देश के विभिन्न राज्यों और विदेश में भी लगातार लगे रहते हैं। डा. साहू अखिल भारतीय साहित्य परिषद के बिहार के मंत्री और राष्ट्रीय भोजपुरी संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष हैं। डा. साहू को शुभकामना देने वालों में डा. धनंजय प्रसाद, प्रो. रामअयोध्या प्रसाद, मुकेश चौधरी, ललन गुप्ता एवं सुनील ठाकुर आदि शामिल हैं।

## महादलित टोलों में शिविर लगा दी गई विकास संबंधित जानकारी

**सिवान** ▪जिले के विभिन्न महादलित टोलों में शनिवार को शिविर लगाकर विकास संबंधित जानकारी दी गई तथा इसका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज प्रखंड के आठ पंचायत अंतर्गत आठ महादलित टोले में बीडीओ राहुल कुमार के नेतृत्व में डा. आंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत बघौनी, रसूलपुर, बड़रम, खरसंडा, मचकना, छाता, मड़कन एवं प्रतापपुर में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों को बिहार महादलित विकास मिशन के माध्यम से सरकार द्वारा चलाई जा रहे 22 विशेष मूलभूत योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, कन्या उत्थान योजना, ई-श्रम कार्ड, जाब कार्ड, राशनकार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, कौशल विकास योजनाओं सहित अन्य सभी योजनाओं पर विशेष जानकारी दी गई ताकि इसका लाभ पहुंचाकर उन्हें समाज के मुख्यधारा में जोड़ा जा सके। इस अवसर सभी विकास मित्र, कृषि सलाहकार, कार्यपालक सहायक सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे। वहीं रघुनाथपुर प्रखंड के आठ पंचायत क्रमश▪रघुनाथपुर, टारी, राजपुर, पंजवार, कुशहरा, गोपी पतियाव, निखती कला, फुलवरिया में बीडीओ दीक्षा गुप्ता के नेतृत्व में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बिहार सरकार की योजनाओं से वंचित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोगों के घर तक 22 योजनाओं की लाभ के पहुंचाने की जानकारी दी गई। बीडीओ ने बताया कि महादलित बस्ती में वंचित लाभार्थी लोगों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए शिविर लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई है तथा इसके लाभ के लिए जागरूक किया गया है। इन योजनाओं में राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, पीएम उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, कौशल विकास, पीएम आवास, सामाजिक सुरक्षा, जाब कार्ड सहित अन्य योजना शामिल हैं। इस मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## जन संवाद कार्यक्रम में उमड़ी भीड़, जन सुराज से जुड़ने का दिखा उत्साह

**सिवान।** नौतन प्रखंड के सेमरिया पंचायत के शिकुवारा में शनिवार को जन सुराज पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं मैरवा निवासी मुन्ना पांडेय के नेतृत्व में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत उन्होंने जन सुराज विस्तार अभियान की जानकारी देते हुए स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित किया और पार्टी की नीतियों एवं उद्देश्यों के बारे में विस्तार से चर्चा की। मुन्ना पांडेय ने कहा कि जब तक जनता अपने असली मुद्दों पर वोट नहीं करेगी, व्यवस्था परिवर्तन संभव नहीं है। बदलाव के लिए हर नागरिक को जागरूक होकर अपने अधिकारों की लड़ाई लड़नी होगी। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे सक्रिय रूप से जुड़कर इस बदलाव के आंदोलन में सहभागी बनें। कार्यक्रम के दौरान काफी संख्या में ग्रामीणों ने जन सुराज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और पार्टी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। उपस्थित लोगों में पार्टी के विचारों और कार्यक्रमों को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। स्थानीय निवासियों ने जन सुराज के नेतृत्व में बदलाव लाने की उम्मीद जताई और भविष्य में पार्टी के सभी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी का भरोसा दिया।इस मौके पर कई युवा, महिलाएं और वरिष्ठ नागरिक भी मौजूद थे, जिन्होंने संगठन के प्रति समर्थन व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय कार्यकर्ताओं का भी अहम योगदान रहा।

## आपसी विवाद में हुई मारपीट मामले में प्राथमिकी

**दारौंदा (सिवान)** ▪थाना क्षेत्र के कौथुआ सारंगपुर में 22 अप्रैल को दवनी के दौरान धूल घर के अंदर जाने के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। इस मामले में एक पक्ष की झगरू राम की पत्नी दुली देवी ने थाना में आवेदन देकर विजय राम, रोहित राम, कलावती देवी, रुबी देवी गाली-गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाया है। प्राथमिकी के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, स्वजनों में मचा कोहराम

**बसंतपुर (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ब्लाक गेट के समीप शनिवार को हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान खेढ़वा निवासी बच्चा लाल राम का पुत्र सरोज कुमार ( 27 ) के रूप में हुई है। इस घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। बताया जाता कि सरोज कुमार अपनी बाइक से किसी कार्य से बसंतपुर जा रहा था, तभी बसंतपुर ब्लाक गेट के समीप मुख्य पथ पर उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में गिर गई। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना थाना को दी तथा युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां चिकित्सक द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली तथा घटना की सूचना मृतक के स्वजनों को दी, तत्पश्चात शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्वजन घटनास्थल पर पहुंच रोने लगे। आसपास के ग्रामीण स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे। मां उषा देवी, पत्नी रूबी देवी समेत अन्य स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल था।

